
https://snapfrom.com/ https://instagramvideodownloader.net/ https://instadl.app/



# भारतीय आईपीओ से जुटा कम धन

अनुष्का साहनी और सुंदर सेतुरामन
नई दिल्ली/मुंबई, 23 मई



## रकम जुटाने की गतिविधियां सुस्त

- भारतीय कंपनियों ने इस साल के पहले चार महीनों में आईपीओ के जरिये 29.4 करोड़ डॉलर जुटाए हैं
- भारतीय आईपीओ से अब तक जुटी रकम पिछले वर्ष से 80 फीसदी कम है
- इसके विपरीत वैश्विक बाजारों ने 36 फीसदी की गिरावट देखी

इस साल भारतीय कंपनियों द्वारा शेयर बाजार से जुटाई गई राशि उनके वैश्विक प्रतिस्पर्धियों की तुलना में तेजी से गिरी है। लंदन स्टॉक एक्सचेंज ग्रुप की हिस्सा रही ट्रैकर रिफाइनिटिव के आंकड़ों के अनुसार, भारतीय कंपनियों ने साल 2023 के पहले चार महीनों (जनवरी से अप्रैल) में प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से 29.4 करोड़ डॉलर जुटाए हैं।

आईपीओ के जरिये कंपनियां पहली बार लोगों से धन जुटाती हैं और अपने शेयरों की बिक्री के लिए स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध करती हैं।

साल 2023 में अभी तक भारतीय आईपीओ से जुड़ी रकम पिछले वर्ष की इसी अवधि में जुटाए गए 1.5 अरब डॉलर से 80 फीसदी कम है। इसकी तुलना में वैश्विक बाजारों ने 36 फीसदी की गिरावट देखी है। विशेषज्ञों के अनुसार इस कैलेंडर वर्ष में रकम जुटाने की गतिविधि में तेज गिरावट का कारण वैश्विक अनिश्चितता और मूल्यांकन में गिरावट है। सेंट्रम कैपिटल के पार्टनर-इक्विटी कैपिटल मार्केट्स प्रांजल श्रीवास्तव ने कहा, 'वैश्विक कारकों और बढ़ती मुद्रास्फीति के कारण बाजार अनिश्चित हैं। बहुत सी कंपनियां अभी आईपीओ लाने के पक्ष में नहीं थे क्योंकि उन्हें सही मूल्यांकन नहीं मिल रहा था जिसकी प्रवर्तकों को तलाश थी। निर्गम दस्तावेज जमा कराए जाने के बावजूद फिलहाल कंपनी पूंजी बाजार में नहीं उतरी है। हमारे प्राथमिक बाजारों में विकसित बाजारों जितनी गहराई नहीं है। कुछ निर्गम को निवेशकों से अच्छा समर्थन मिलने के बाद आईपीओ बाजार का परिदृश्य सुधरेगा।'

वैश्विक स्तर पर जुटाई गई राशि में भारत की हिस्सेदारी इस साल घटकर 0.9 फीसदी रह गई है। पिछले पांच वर्षों में यह औसतन 2.9 फीसदी के करीब है। 2017 के 6.1 फीसदी के बाद 2022 में यह हिस्सा सर्वाधिक 5.2 फीसदी था। कुछ लोगों का मानना है कि एंटरप्राइजेज कंटेंट मैनेजमेंट (ईसीएम) गतिविधियों से वापसी होगी क्योंकि कंपनियां अपने निर्गम लाने की तैयारी में जुटी हैं। ईवाई ग्लोबल की भारतीय फर्म में फाइनैंशियल अकाउंटिंग एडवाइजरी सर्विसेज लीडर, पार्टनर आदर्श रांका ने कहा, 'वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत की स्थिति बढ़िया है। हालांकि, निर्गम गतिविधियां सुस्त बनी हुई हैं। कंपनियां इस अवधि का उपयोग अगले साल की शुरुआत में (आम चुनाव से पहले या फिर बाद में) बाजार में अपने निर्गम लाने के लिए बेहतर तैयारी कर रही हैं।' भारत और विदेश से रकम जुटाने में ईसीएम क्षेत्र अग्रणी रहा है। साल 2023 में आईपीओ के जरिये जुटाई गई कुल रकम में हाईटेक कंपनियों की हिस्सेदारी 28.5 फीसदी रही। भारत में जुटाई गई कुल रकम में उनकी हिस्सेदारी 42.4 फीसदी है। औद्योगिक और सामग्री अन्य क्षेत्र हैं जो भारत और विदेश दोनों में शीर्ष पांच में शामिल थे।

बिजली एवं ऊर्जा क्षेत्र इसका अपवाद रहा।

साल 2023 में कंपनियों द्वारा जुटाई गई रकम में इसकी हिस्सेदारी 18.6 फीसदी थी। वैश्विक स्तर पर सूचीबद्ध होने वाली प्रमुख कंपनियों में इंडोनेशिया की परटैमिना जियोथर्मल एनर्जी शामिल थी। वह फरवरी में 59.6 करोड़ डॉलर जुटाने के साथ ही सूचीबद्ध हुई थी। भारतीय आईपीओ में इस क्षेत्र की हिस्सेदारी शून्य रही। साल 2023 में कुल 51 भारतीय कंपनियों ने पूंजी बाजार दस्तक दी है। इनमें लघु एवं मझोले उपक्रम भी शामिल थे। साल के पहले चार महीनों के दौरान वैश्विक स्तर पर 403 आईपीओ आए।

# निरमा भी ग्लेनमार्क लाइफ साइंसेज खरीदने की दौड़ में

देव चटर्जी
मुंबई, 23 मई

## निरमा की विस्तार की तैयारी

- निरमा ने जुलाई 2016 में लाफार्ज इंडिया की परिसंपत्तियां खरीदकर सीमेंट क्षेत्र में प्रवेश किया
- कंपनी को मार्च 2023 तिमाही में 621 करोड़ रुपये का शानदार राजस्व दर्ज करने की वजह से बोलीदाताओं से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है

**निरमा** समूह और नामी निजी इक्विटी कंपनियां बीएसई पर सूचीबद्ध ग्लेनमार्क लाइफ साइंसेज को खरीदने की दौड़ में शामिल हो गई हैं।

रसायन से लेकर सीमेंट क्षेत्र की दिग्गज निरमा यदि यह सौदा करने में सफल रहती है तो इसे समूह के हेल्थकेयर सेगमेंट को बड़ी ताकत मिलेगी। कंपनी ने जुलाई 2016 में करीब 9,400 करोड़ रुपये में लाफार्ज इंडिया की परिसंपत्तियां खरीदकर सीमेंट क्षेत्र में सफलतापूर्वक दस्तक दी थी। उसने बाद में फरवरी 2020 में 5,500 करोड़ रुपये में इमामी सीमेंट की परिसंपत्तियां खरीदी थीं।

कंपनी में ग्लेनमार्क की 82.8 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जिसका बाजार मूल्य मंगलवार तक 6,361 करोड़ रुपये था। एक बैंक के अधिकारी ने कहा कि निरमा के अलावा, अमेरिकी निजी इक्विटी दिग्गजों – केकेआर, ब्लैकस्टोन और बीपीईए-इक्विटी ने भी कंपनी में हिस्सेदारी खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। इस घटनाक्रम से जुड़े एक बैंकर ने कहा, 'सभी कंपनियों ने अपनी प्रक्रिया पूरी कर ली है और पेशकश जल्द होने की संभावना है।'

ग्लेनमार्क प्राप्त राशि का इस्तेमाल 2,904 करोड़ रुपये (इस साल मार्च तक) का अपना कर्ज घटाने में करेगी। ग्लेनमार्क, केकेआर, ब्लैकस्टोन, और बीपीईए इक्विटी ने इस संबंध में कोई प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया है। निरमा समूह को भेजे गए ईमेल संदेश का भी कोई जवाब नहीं मिला है। इस साल अप्रैल में, निरमा समूह ने करीब 350 करोड़ रुपये में स्टेरिकन फार्मा का अधिग्रहण किया। स्टेरिकन फार्मा आई ड्रॉप और कॉन्टैक्ट लेंस निर्माता है। वर्ष 1969 में करसनभाई पटेल द्वारा डिटरजेंट एवं साबुन निर्माता के तौर पर स्थापित निरमा समूह मौजूदा समय में चर्चित रसायन, सीमेंट और डिटरजेंट निर्माता है।

ग्लेनमार्क लाइफ साइंसेज के अधिग्रहण से हेल्थकेयर सेगमेंट में कंपनी के कारोबार विस्तार की योजनाओं को मदद मिलेगी। समूह 'निरलाइफ हेल्थकेयर' के अधीन चिकित्सा उपकरण कारोबार पहले ही बेच चुका है।

बैंकिंग सूत्रों का कहना है कि कंपनी को मार्च 2023 तिमाही में 621 करोड़ रुपये का शानदार राजस्व दर्ज करने की वजह से बोलीदाताओं से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। निरमा का राजस्व मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 20.9 प्रतिशत बढ़ा।

मार्च तिमाही में कंपनी का सकल लाभ 341 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की तुलना में 31.7 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2022-2023 के लिए कंपनी ने 2,161 करोड़ रुपये के राजस्व पर 467 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया।

# टेक्सटाइल उद्योग के दिग्गज के टी कन्नन का निधन

बीएस संवाददाता
चेन्नई, 23 मई



**दिग्गज** उद्योगपति करुमुत्तू टी कन्नन का मंगलार की सुबह मदुरै में निधन हो गया। वह 70 वर्ष के थे। कन्नन तमिलनाडु की त्यागराजार मिल्स के चेयरमैन और टीवीएस कोटर के बोर्ड सदस्य थे। कन्नन एक प्रख्यात शिक्षाविद और मदुरै में त्यागराजार कॉलेज के अध्यक्ष तथा त्यागराजार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग-मदुरै के चेयरमैन भी थे। मीडिया खबरों के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार मदुरै जिले के कोचाडई में बुधवार दोपहर 2 बजे किया जाएगा। वह टेक्स्टाइल कमेटी-मुंबई, कॉटन टेक्स्टाइल्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के चेयरमैन, और 1990-92 के दौरान साउथ इंडिया मिल्स एसोसिएशन के चेयरमैन भी रहे। टीवीएस मोटर कंपनी के चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन ने कहा, 'मैं उनके निधन से बेहद दुखी हूं। मेरे लिए वह सिर्फ एक भरोसेमंद सहयोगी ही नहीं थे। वह एक ऐसे वफादार मित्र और विचारक थे। उन्होंने हमें चुनौतीपूर्ण समय में आगे बढ़ने में मदद की, जब हमने सुजूकी से अलग एक खास अंतरराष्ट्रीय कंपनी बनने का सफर शुरू किया था।' शिक्षा और समाज सेवा में योगदान के लिए उन्हें तमिलनाडु सरकार द्वारा वर्ष 2014 में पेरुंतलैवर कामराजार अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# फंडों ने आईटी शेयरों में बढ़ाई खरीदारी

अभिषेक कुमार
मुंबई, 23 मई

**2023 के शुरू के चार महीनों के दौरान म्युचुअल फंडों ने आईटी शेयरों में 9,500 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया**

**इन्फोसिस** और विप्रो जैसी शीर्ष सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों में दो अंक की गिरावट के बाद मूल्यांकन आकर्षक होने पर म्युचुअल फंडों ने इन शेयरों में अपना निवेश बढ़ाने पर जोर दिया है। अप्रैल में म्युचुअल फंडों ने आईटी शेयरों में सर्वाधिक खरीदारी की और 2,100 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के विश्लेषण से पता चलता है कि साल 2023 के शुरुआती चार महीनों के दौरान म्युचुअल फंडों ने आईटी शेयरों में 9,500 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया।

मार्च और अप्रैल के दौरान म्युचुअल फंडों का पसंदीदा आईटी शेयर इन्फोसिस रहा। पिछले छह महीनों के दौरान लार्च कैप आईटी शेयरों में सबसे अधिक 19 फीसदी की गिरावट इन्फोसिस में दिखी थी। इस अवधि में म्युचुअल फंडों ने इन्फोसिस के 3.04 करोड़ शेयर खरीदे। विश्लेषकों ने कहा कि आईटी क्षेत्र की मुश्किलें अगली कुछ तिमाहियों तक बरकरार रह सकती हैं मगर गिरावट के सीमित जोखिम के कारण ये शेयर आकर्षक बने हुए हैं।

नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के निदेशक विभोर सिंघल ने कहा, 'इस क्षेत्र के बारे में हमारा नजरिया सकारात्मक है और हम ग्राहकों को लिवाली की सलाह दे रहे हैं। पिछले 18 महीनों के दौरान इस क्षेत्र का प्रदर्शन सूचकांक के मुकाबले कमतर रहा है और मैं समझता हूं कि अब वह अपने सबसे निचले स्तर तक पहुंच चुका है। मूल्यांकन कोविड पूर्व स्तर के करीब हैं, कम से कम इन्फोसिस के मामले में। अन्य आईटी शेयर मांग में तेजी के कारण 5 से 10 फीसदी प्रीमियम पर कारोबार कर रहे हैं।' इंटरनैशनल मनी मैटर्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अनुसंधान) राहुल जैन ने कहा, 'मूल्यांकन अब वाजिब हैं। बेंचमार्क सूचकांक अपनी सर्वकालिक ऊंचाई पर पहुंच चुका है, मगर आईटी शेयर कोविड के बाद की अपनी सर्वाधिक ऊंचाई के दायरे में कारोबार कर रहे हैं। इन कंपनियों के दमदार दीर्घावधि ट्रैक रिकॉर्ड और उम्दा प्रबंधन को देखते हुए फंड मैनेजरों का निर्णय सही लग रहा है।'

# सेंसेक्स में तीसरे दिन भी रही तेजी

**घरेलू** शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स मामूली 18 अंक की बढ़त में रहा। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का ब्योरा जारी होने से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।

कारोबार के अंतिम घंटे में उतार-चढ़ाव से तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स दिन के उच्चस्तर से नीचे आ गया और अंत में 18.11 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 61,981.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 281.51 अंक तक चढ़ गया था।

निफ्टी भी 33.60 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,348 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, आईटीसी, इंडसइंड बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील, विप्रो, इन्फोसिस और मारुति प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन और लार्सन एंड टुब्रो शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'धातु, औषधि और वाहन क्षेत्रों में लिवाली से घरेलू बाजार सकारात्मक रुख के साथ स्थिर बंद हुए। हालांकि, अमेरिकी बाजार से मिले कमजोर संकेत के साथ सूचना प्रौद्योगिकी शेयरों में बिकवाली से बाजार धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा।' *भाषा*


## APPOINTMENTS

AIESL
AI ENGINEERING SERVICES LTD.

**ऐ आई इंजीनियरिंग सर्विसेस लिमिटेड**
**(ऐआई एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)**

एआईईएसएल मुंबई में 'फिक्स्ड टर्म एंप्लॉयमेंट बेसिस (एफटीई)' के आधार पर निम्नलिखित पद को भरने के लिए अपेक्षित योग्यता और अनुभव रखने वाले भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है।

1. विमान तकनीशियन (रखरखाव और ओवरहाल दुकान) – बी 1
2. विमान तकनीशियन (रखरखाव और ओवरहाल दुकान) – बी 2

विस्तृत विज्ञापन, रिक्ति संख्या, आवेदन जमा करने की तिथि, साक्षात्कार की तिथि आदि को हमारी वेबसाइट **www.aiesl.in/Careers** से देखा/डाउनलोड किया जा सकता है।



## DIXON TECHNOLOGIES (INDIA) LIMITED

Dixon

Regd. Office: B-14 & 15, Phase-II, Noida, Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh- 201305
CIN: L32101UP1993PLC066581, Website: www.dixoninfo.com, Ph. No.: 0120 4737200
Extract of Audited Financial Results for the Quarter and Year ended March 31, 2023

REVENUE Growth +4% | EBITDA Growth +32% | PBT Growth +29% | PAT Growth +28% | ROCE 33.4%

Figure above depicts consolidated result Q4, FY22-23 in comparison with Q4, FY21-22

**Extract of Audited Consolidated and Standalone Financial Results for the Quarter & Year Ended March 31, 2023**

(Rupees in Lakhs)


| S. No. | Particulars | Standalone | | | Consolidated | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended | Quarter ended | Year ended | Quarter ended | Quarter ended | Year ended |
| | | Audited | Audited | Audited | Audited | Audited | Audited |
| | | 31-Mar-23 | 31-Mar-22 | 31-Mar-23 | 31-Mar-23 | 31-Mar-22 | 31-Mar-23 |
| 1 | Total Income from Operations | 167,143 | 167,008 | 701,587 | 306,727 | 295,457 | 1,219,762 |
| 2 | Net Profit for the period before tax (before exceptional and extraordinary items) | 9,013 | 4,833 | 28,525 | 11,209 | 8,689 | 34,478 |
| 3 | Net Profit for the period before tax (after exceptional and extraordinary items) | 9,013 | 4,833 | 28,525 | 11,209 | 8,689 | 34,478 |
| 4 | Net profit for the period after tax (after exceptional and extraordinary items) | 6,429 | 3,503 | 21,115 | 8,062 | 6,313 | 25,508 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 6,387 | 3,497 | 21,065 | 7,941 | 6,376 | 25,380 |
| 6 | Equity Share Capital (Face value Rs. 2 each) | 1,191 | 1,187 | 1,191 | 1,191 | 1,187 | 1,191 |
| 7 | Reserves(excluding Revaluation Reserves) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year) | | | 115,449 | | | 127,300 |
| 8 | Earnings per share (face value of Rs. 2/- per share) (not annualised) | | | | | | |
| | Basic earnings per share (in rupees) | 10.82 | 5.95 | 35.53 | 13.57 | 10.72 | 42.92 |
| | Diluted earnings per share (in rupees) | 10.74 | 5.89 | 35.27 | 13.47 | 10.61 | 42.62 |

Note:
1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results is available on the Company's website (www.dixoninfo.com) and on Stock Exchanges website (www.bseindia.com and www.nseindia.com)
2. The above results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors in their respective meetings held on 23 May, 2023.
3. Figures of the previous periods have been regrouped /rearranged , wherever necessary.

On behalf of the Board
For Dixon Technologies (India) Limited
Sd/-
Atul B. Lall
Vice Chariman Cum Managing Director
(DIN: 00781436)

Place: Noida
Date: 23/May/2023






**31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए एकल और समेकित वित्तीय परिणाम का सार**

(₹ लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त | |
| | | 31 मार्च, 2023 | 31 दिसंबर, 2022 | 31 मार्च, 2022 | 31 मार्च, 2023 | 31 मार्च, 2022 |
| | | (लेखापरीक्षित) | (अलेखापरीक्षित) | (लेखापरीक्षित) | (लेखापरीक्षित) | (लेखापरीक्षित) |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 20,130 | 17,789 | 21,666 | 71,045 | 65,734 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर और विशिष्ट मदों से पूर्व) | 845 | 419 | 2,024 | 2,987 | 3,514 |
| 3 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व और विशिष्ट मदों के बाद) | 845 | 419 | 2,024 | 2,987 | 3,514 |
| 4 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर और विशिष्ट मदों के बाद) | 634 | 314 | 1,652 | 2,248 | 3,219 |
| 5 | अवधि के लिए कुल समग्र आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) और अन्य समग्र आय (कर पश्चात) शमिल] | 614 | 326 | 1,619 | 2,264 | 3,266 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य ₹10/– प्रत्येक) | 1,449 | 1,446 | 1,443 | 1,449 | 1,443 |
| 7 | अर्जन प्रति शेयर (₹10/– प्रत्येक के) (चालू और बंद प्रचालनों के लिए) | | | | | |
| | 1. बेसिक (राशि ₹ में) | 4.39 | 2.18 | 11.48 | 15.56 | 22.36 |
| | 2. डायल्यूटेड (राशि ₹ में) | 4.31 | 2.13 | 11.32 | 15.29 | 22.04 |

टिप्पणियाँ:

1. कंपनी का एकल वित्तीय कार्य–निष्पादन निम्नवत् है: (₹ लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त | |
| | | 31 मार्च, 2023 | 31 दिसंबर, 2022 | 31 मार्च, 2022 | 31 मार्च, 2023 | 31 मार्च, 2022 |
| | | (लेखापरीक्षित) | (अलेखापरीक्षित) | (लेखापरीक्षित) | (लेखापरीक्षित) | (लेखापरीक्षित) |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 20,130 | 17,789 | 21,666 | 71,045 | 65,734 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर और विशिष्ट मदों से पूर्व) | 821 | 410 | 1,992 | 2,912 | 3,398 |
| 3 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर और विशिष्ट मदों के बाद) | 610 | 305 | 1,620 | 2,173 | 3,104 |
| 4 | अवधि के लिए कुल समग्र आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) और अन्य समग्र आय (कर पश्चात) शमिल] | 590 | 317 | 1,588 | 2,189 | 3,152 |

2. ऊपर सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटन आवश्यकताएँ) नियमावली, 2015 के नियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों में पेश किए तिमाही एकल और समेकित वित्तीय परिणामों के विस्तृत रूप का एक सार है। तिमाही एकल और समेकित वित्तीय परिणामों का विस्तृत पूर्ण रूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों (यूआरएल– www.nseindia.com और www.bseindia.com और उपरोक्त कंपनी की वेबसाइट https://www.orientbell.com पर उपलब्ध है।
3. उपर्युक्त एकल और समेकित वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षण समिति द्वारा समीक्षा की गई है और इसके बाद निदेशक मंडल द्वारा 23 मई, 2023 को आयोजित उनकी क्रमशः बैठकों में अनुमोदित व रिकॉर्ड पर लिये गए हैं। सांविधिक लेखापरीक्षकों ने इन एकल और समेकित वित्तीय परिणामों पर अपरिवर्तित लेखापरीक्षण मत व्यक्त किया है।
4. लेखाकरण नीतियों में ऐसा कोई परिवर्तन नहीं है जिसका शुद्ध लाभ/हानि, कुल समग्र आय अथवा अन्य किसी संबंधित वित्तीय मद(ओं) पर प्रभाव हो।

ओरिएंट बेल लिमिटेड के निदेशक मंडल की ओर से व उन्हीं के लिए
मधुर डागा
प्रबंध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 23 मई, 2023

**ओरिएंट बेल लिमिटेड**
CIN: L14101UP1977PLC021546
पंजीकृत कार्यालय: 8, इंडस्ट्रियल एरिया, सिकंद्राबाद–203205, जिला बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश
कॉर्पोरेट कार्यालय: आइरिस हाऊस, 16 बिज़नेस सेन्टर, नांगल राया, नई दिल्ली–110046
+91-11-47119100 | investor@orientbell.com | www.orientbell.com


This PDF was uploade To Telegram channel_ LBS Newspaper platform (https://t.me/LBSNEWSPAPER) @LBSNEWSPAPER
For More ePaper Visit: https://www.freshersvave.com/